आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगी।
2. आज भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जा रहा है–उपराज्यपाल डॉ. दिने"ा शर्मा ने भारतीय वायु सेना के सभी कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।
3. अंडमान निकोबार कमान की रजत जयंती के अवसर पर उप–राज्यपाल ने कहा– कमान का योगदान द्वीपवासियों के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
4. राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए 17 और 18 अक्टूबर को राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में जीएसटी से जुड़े विवादों के समाधान और इनपुट टैक्स क्रेडिट के प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए नीतिगत सुधारों पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य अनुपालन में लगने वाले समय और लागत को कम करना है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, सरकार वस्तु और सेवा कर–जीएसटी व्यवस्था में सुधार के अगले चरण के लिए पांच सूत्रीय योजना का प्रस्ताव रखेगी।

<><><><><><><><>

आज भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष वायु सेना दिवस की थीम है– 'इंडियन एयर फोर्स– 'अचूक, अभेद्य और सटीक'। वायु सेना दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी के माध्यम से अपने संदेश में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना सतर्कता और दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार है।

94वें भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल डॉ. दिने"ा शर्मा ने भारतीय वायु सेना के सभी कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना ने राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में अनुकरणीय साहस, व्यावसायिक उत्कृष्टता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। द्वीपसमूह में, अंतर–द्वीपीय कनेक्टिविटी, चिकित्सा निकासी, आपातकालीन सहायता, और मानवीय सहायता व आपदा राहत में इसका योगदान द्वीपवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस अवसर पर, उन्होंने उन सभी एयर वारियर्स को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने ननकौड़ी द्वीप और डिगलीपुर में मछुआरा समुदाय और वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत कमोर्टा में आइस प्लांट और कोल्ड स्टोरेज की स्थापना से निकोबारी मछुआरों को बर्फ की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा डिगलीपुर में वृद्ध आश्रम के निर्माण से वरिष्ठ नागरिकों को एक सुरक्षित निवास स्थान मिलेगा।

<><><><><><><><>

दिलानीपुर स्थित गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं 11 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 10 अक्तूबर को सुबह 6 बजे से जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडप में आयोजित होगा। इस अवसर पर अन्नदानम की भी व्यवस्था की गई है।

उधर, गाराचरमा स्थित श्री श्री महाकाली मंदिर में 16 से 21 अक्तूबर तक 33वां दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जाएगा। महाष्टमी पूजा 19 अक्तूबर को सुबह पांच बजे, पुष्पांजलि 9 बजकर 45 मिनट और संद्धी पूजा दस बजकर 28 मिनट पर रखा गया है। महाभोग दोपहर बाद साढ़े बारह बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त एवं वन स्टॉप सेंटर की अध्यक्ष पूर्वा गर्ग ने दक्षिण अंडमान के वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली, सुविधाओं, रिकॉर्ड्स और हिंसा से पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की। जिला उपायुक्त ने रिकॉर्ड्स और रजिस्टरों का अवलोकन कर कर्मचारियों से उनके कर्तव्यों, दर्ज मामलों तथा जनशक्ति की आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने केन्द्र की उचित स्वच्छता और रखरखाव के निर्देश और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर चर्चा की। जिला उपायुक्त ने श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद को भी वन स्टॉप सेंटर के आसपास के क्षेत्रों की समुचित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिने"ा शर्मा ने अंडमान निकोबार कमान की रजत जयंती समारोह के अवसर पर, कमान के सभी रैंकों के सैन्यकर्मियों, असैन्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदे"ा में उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 में भारत की पहली और एकमात्र त्रि–सेवा कमान के रूप में स्थापित, अंडमान निकोबार कमान ने देश के लिए एकजुटता और प्रतिबद्धता से भरी अपनी समर्पित सेवा के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं। मानवीय सहायता, आपदा राहत, खोज एवं बचाव अभियानों तथा नागरिक प्रशासन को सहयोग प्रदान करने में कमान का योगदान द्वीपवासियों के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इससे पहले अंडमान निकोबार कमान की रजत जयंती समारोह के अवसर पर कल डीब्रेट में भारतीय नौसेना के सिम्फोनिक बैंड द्वारा विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के जवान प्राकृतिक आपदाओं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और हवाई निकासी जैसी कठिन परिस्थितियों में नागरिकों के साथ 'देवदूत' की तरह कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। उपराज्यपाल ने संगीत को एकता, अनुशासन और सद्भाव का एक शक्तिशाली प्रतीक बताते हुए कहा कि यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ की ओर से आगामी राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए द्वीपसमूह की टीम में खिलाड़ियों के चयन हेतु 17 और 18 अक्टूबर को राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित की जाएगी। 17 अक्टूबर को 11 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के एकल और युगल मुकाबले होंगे, जबकि 18 अक्टूबर को 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी 16 अक्टूबर तक गूगल प्रपत्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार ताइक्वांडो संघ, राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से 24 अक्टूबर को श्री विजयपुरम में जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता में उप–जूनियर, कैडेट, जूनियर और वरिष्ठ वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी, क्लब, इकाइयां, विभाग और संस्थान 23 अक्टूबर तक निर्धारित ऑनलाइन प्रपत्र के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के दौरान खिलाड़ियों को अपना वर्तमान और सही वजन दर्ज करना अनिवार्य होगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार मुआय थाई संघ द्वारा राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से 22 नवंबर को श्री विजयपुरम में जिला मुआय थाई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 20 नवंबर तक निर्धारित ऑनलाइन प्रपत्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><><>